प्रदर्शन | गर्भवती महिला से मारपीट के आरोप पर प्रदर्शन

# हजारों लोगों ने घेरा थाना, पथराव के बाद लाठीचार्ज और आंसू गैस

**नवभारत, किरनापुर।** किरनापुर थाने में पति-पत्नी से कथित मारपीट के मामले को लेकर मंगलवार को मरार माली समाज के हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग किरनापुर पहुंचे और रैली निकालकर थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने मामले में दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय व मुआवजा देने की मांग की।

रैली के दौरान जब प्रदर्शनकारी थाने के सामने पहुंचे तो बड़ी संख्या में लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। इसी दौरान कुछ लोगों ने थाने के सामने का गेट खोलकर अंदर प्रवेश करने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ने पर कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस पर पथराव किए जाने की बात सामने आई ।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने पहले आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद भीड़ को पीछे हटाने के लिए लाठीचार्ज किया गया। कार्रवाई के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना के बाद क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

पुलिस अब प्रदर्शन के दौरान पथराव और हिंसा करने वालों की पहचान करने में जुटी है। अधिकारियों द्वारा घटनाक्रम से जुड़े वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

समाज के लोग इस मामले में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, पीड़ित परिवार को न्याय और मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

मामला सामने आने के बाद एसपी आदित्य मिश्रा ने उपनिरीक्षक दामेन्द्र तुरकर, प्रधान आरक्षक आशीष बघेल, आरक्षक कपिल बघेल और महिला आरक्षक मेघा टेकाम को निलंबित कर दिया था।

एसपी ने मामले की जांच के लिए डीएसपी प्रतिष्ठा राठौर के नेतृत्व में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन भी किया है। एसआईटी को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।



पीड़िता सावित्री ने आरोप लगाया है कि रात के समय किरनापुर थाने में पुरुष पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की। वहीं इस मामले को लेकर विधायक अनुभा मुंजारे ने थाने में तैनात सभी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई, बर्खास्तगी और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

फिलहाल मामले की जांच एसआईटी द्वारा की जा रही है। वहीं मंगलवार को हुए प्रदर्शन और पथराव के बाद पुलिस द्वारा हिंसा में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में मरार माली समाज द्वारा सभा का आयोजन किया जा रहा था। जहां पर माली समाज ने तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गया।जहां उपस्थित मरार माली समाज के अध्यक्ष इस कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक श्रीमती पुष्प लता लिखी राम कावरे ,पवन कावरे, डाली कांवरे जिला पंचायत सदस्य, मरार माली समाज के अध्यक्ष हिम्मतलाल गद्वंशी,रमेश पाचे, पूर्व सांसद कंकर मुंजारे और भी अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### पति-पत्नी से मारपीट के आरोप को लेकर प्रदर्शन

प्रदर्शन का मुख्य कारण किरनापुर थाने में चोरी के एक मामले में आरोपी कैलाश चौधरी और उनकी पत्नी सावित्री के साथ कथित मारपीट का मामला है। समाज का आरोप है कि पुलिस हिरासत के दौरान दोनों के साथ मारपीट की गई। बताया गया कि घटना 2 सितंबर की है, जबकि मामला 7 सितंबर को सामने आया।

# जनता का भरोसा ही शासन और प्रशासन की सार्थकता व मजबूती का मुख्य आधार हो रहा है साबित : जायसवाल

**जनता दरबार में नपा परिषद ने अपने बड़े-बड़े निर्माणाधीन विकास कार्यो की जनता के सामने की समीक्षा**



**नवभारत, वारासिवनी।** नपा परिषद मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल व नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे का प्रति मंगलवार जनता दरबार का कार्यक्रम अब आज जनता की समस्याओ के सीधे समाधान और आमजनमास के प्रति विश्वास को मजबूत करने का एक महत्तवपूर्ण माध्यम बन गया है। जिससे प्रतित हो रहा है की जनता का यह भरोसा ही शासन और प्रशासन की सार्थकता व मजबूती का मुख्य आधार साबित हो रहा है।

आज जनता दरबार मे सबसे पहले आंबेडकर भवन मे निर्माणाधीन बेहद सौदर्यीक्रत मैरीज लान के विषय पर चर्चा की गयी। साथ ही इस स्थल पर नवरात्रि मे मातारानी की स्थापना व बडे बडे कार्यक्रम के संदर्भ मे परवाह की गयी। जिसमे दो कार्य एंजेसी मे आंबेडकर लान व बाहरी स्थल पर साज सज्जा दोनो एंजेसी को बुलवाकर उनसे कार्य को गति व नवरात्रि की तैयारीयो के विषय मे मंत्रणा की गयी।

जनता दरबार मे आज भाजपा नेता किशोर अमूले ने भी अचानक आकर जनमानस की समस्या से अवगत कराकर सभी को प्रभावित कर दिया। श्री अमूले ने बताया की रीधन भाउ के मिल के सामने से गोटाडोल पूल की स्ट्रीट लाईट एक तरफ ही प्रकाशवान हो रही है। तत्काल विधूत शाखा को बुलवाकर जायजा लिया तो वस्तू स्थिती सामने आयी की नपा परिषद ने पिछले देड माह से विधूत मंडल को बिजली मीटर की पूरी कवायद कर दी है। किंतू विधूत विभाग के द्वारा मीटर नही लगवाये जाने से ऐसी स्थिती का निर्माण हो रहा है। जनता दरबार से ही विधूत विभाग के अधिकारीयो को तत्काल निर्देश प्रदान कर आज की मीटर की कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये।

इसी तरह नगर की चारो दिशाओ के प्रवेश मार्ग को बेहद सौदर्यीक्रत करने की सोच को आगे बढाते हुये अब कंटगी दिशा मे स्थानीय गौ शाला के आगे तक लग चुके स्ट्रीट लाईट के पोल की जंहा समीक्षा की गयी। वही लालबर्रा मार्ग पर भी इसी तरह डा चौधरी से लेकर गायत्री मंदिर के आगे तक मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाईट की प्रकिया शुरू करने के आदेश प्रदान किये गये।

## एक नजर में

### वारासिवनी में 18 सितंबर को लगेगा जन-विश्वास शिविर

**वारासिवनी।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत 18 सितंबर को सांदीपनी विद्यालय, वारासिवनी में जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस शिविर में जिले के सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। शिविर का उद्देश्य प्रशासन को आमजन के और करीब लाना, नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना तथा शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का मौके पर जायजा लेना है।

### सेवा से संकल्प अभियान के तहत 17 को रक्तदान शिविर

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करने तथा विकसित भारत-2047 के संकल्प को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा से संकल्प' अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान विभिन्न जनसेवा एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) बालाघाट में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

### डरा धमकाकर महिला से किया दुष्कर्म

**जबलपुर ।** रांझी में एक महिला को डरा धमकाकर युवक ने दुष्कर्म किया । पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जिसे सोमवार को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है । टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि 27 वर्षीय महिला मानसिक रूप से कमजोर है। उसके ही मोहल्ले में रहने वाले नरेन्द्र उर्फ सोनू चौधरी ने उसे डराया और धमकाते हुए उसे घर के पीछे ले गया जहां उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। जिसके बाद पीड़िता ने आपबीती पति को सुनाई। पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# मार्शल आर्ट के मैदान में बालाघाट के 9 खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा



**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश वुशु संघ द्वारा 25वीं सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 सितंबर 2026 तक मार्शल आर्ट हॉल, टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में किया जा रहा है। प्रतियोगिता मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

जिला खेल अधिकारी श्री राहुल बारेसा के मार्गदर्शन में जिला प्रशिक्षण केंद्र, मुलना स्टेडियम से बालाघाट जिले के 9 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। टीम का नेतृत्व कटंगी ब्लॉक युवा समन्वयक एवं प्रशिक्षक श्री संतोष पारधी तथा प्रशिक्षक श्री शुभम मनेश्वर कर रहे हैं। बालाघाट से चयनित खिलाड़ियों में हर्षिता गौतम, नैनी टेकाम, प्राची दीवान, अक्षरा पाचे, आदेश रजक, आर्यन राजदीप, कोमल मनेश्वर, शिवम बावनकर एवं पूर्व समिरित शामिल हैं। सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# बैगा बच्चों की मौत पर कांग्रेस को घेरा, नैतिकता से विधायक दें इस्तीफा

**तीन बार के विधायक फिर भी विकास से वंचित बैहर**

**नवभारत, बालाघाट।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर उपाध्यक्ष गणेश अग्रवाल ने एक कड़ा प्रेस बयान जारी कर बैहर के विधायक संजय सिंह उईके और कांग्रेस नेतृत्व पर जोरदार हमला बोला है। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में विकास कार्यों की सुस्त रफ्तार और गहराती जनसमस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए विधायक केवल विपक्षी होने का रोना रोते हैं, जबकि अपनी नाकामी छुपाने के लिए वे प्रदेश नेतृत्व का सहारा ले रहे हैं।

गणेश अग्रवाल ने कहा कि संजय उईके कोई पहली बार के जनप्रतिनिधि नहीं हैं, वे तीन बार के विधायक हैं और उनके पिता भी इसी क्षेत्र से विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके हैं। इसके बावजूद इस आदिवासी बाहुल्य और वनांचल क्षेत्र का सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, रोजगार और पोषण जैसे मूलभूत मुद्दों से वंचित रहना सीधे तौर पर उनकी विफलता को दर्शाता है। हाल ही में हुई बैगा बच्चों की असामयिक मौत को अत्यंत दुखद और



विधायक की नाकामी का प्रतीक बताते हुए अग्रवाल ने कहा कि केवल शासन-प्रशासन पर दोष मढ़कर विधायक अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बालाघाट दौरे पर आड़े हाथों लेते हुए गणेश अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के खिलाफ बयानबाजी करने के बजाय यदि जीतू पटवारी में जरा सी भी नैतिक शुचिता होती, तो वे विधायक संजय उईके से इस्तीफे की मांग करते। इससे कांग्रेस की कथनी और करनी का अंतर उजागर होता है। गणेश अग्रवाल ने कहा, राज्य सरकार और प्रशासन बैगा समाज और क्षेत्र के नागरिकों के सुख-दुख में मुस्तैदी से खड़ा है। उनकी हर जरूरत को पूरा करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ी जा रही है।

# हमारी सरकार ने विकास किया, इसलिए जनता की और बेहतर सुविधाओं की अपेक्षा : कांवरे



**नवभारत, परसवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल परसवाड़ा की मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सेवा संकल्प अभियान, मंडल कार्यसमिति सहित आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा आगामी चुनावों के लिए सक्रियता बढ़ाने पर मंथन किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। प्रदेश एवं केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा जनहित में संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया गया है।

उन्होंने कहा कि लगभग दो दशक पहले जिन क्षेत्रों में कच्ची सड़कें हुआ करती थीं, आज वहां पक्की सड़कें दिखाई देती हैं। इसी तरह कच्चे मकानों और झोपड़ियों की जगह पक्के मकानों ने ले ली है। सरकार ने बच्चों के जन्म से लेकर बुजुर्ग अवस्था तक के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं, जिससे आमजन का जीवन सरल और सुगम हुआ है।

जिलाध्यक्ष कावरे ने कहा कि विकास के कारण आज का युवा अधिक जागरूक और साक्षर हुआ है तथा वह विकास को पहचान रहा है। यही कारण है कि जनता अब सरकार से और बेहतर सुविधाओं तथा विकास की अपेक्षा कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता की अपेक्षाओं को समझते हुए सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रत्येक बूथ और प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने का आह्वान किया।




# धम्म संस्था का मुख्य उद्देश्य शीलवान समाज का निर्माण, सभी पदाधिकारी उद्देश्य की पूर्ति के लिये निष्ठा से कार्य करे : डॉ .चरनदास ढेंगरे

**नवभारत, बालाघाट।** भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया अर्थात भारतीय बौद्ध महासभा जिसके राष्टीय कार्याध्यक्ष एवं ट्रस्टी तथा समता सैनिक दल के राष्टीय अध्यक्ष एवं बोधिसत्व डा.बाबा साहेब आंबेडकर जी के पौत्र डा.भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब के निर्देश एवं कुशल नेतृत्व से संपूर्ण भारत देश में एवं म.प्र. मे डॉ. चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष म.प्र. राज्य शाखा के कुशल नेतृत्व एवं निर्देश से धम्म कारवां गतिमान हो रहा है।

इसी कारवां को अधिक गति से करने हेतु सभी शाखाओं का गठन / पुनर्गठन संस्था के संविधान अनुसार किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में जिला एवं नगर शाखा बालाघाट पुनर्गठन (निर्वाचन) दिनांक 13 सितंबर 2026 को स्थानीय शिव मंगल भवन बूढी बालाघाट में सैकडो उपासक उपासिकाओं एवं सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता एवं निर्वाचन पदाधिकारी डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष केन्द्रीय शिक्षक एवं जीओसी म.प्र. द्वारा की गई थी। प्रमुख अतिथि निर्वाचन पदाधिकारी डॉ.शांताराम वाद्य उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय शिक्षक म.प्र.शाखा इंदौर, हेमलता डोंगरे उपाध्यक्ष,केन्द्रीय शिक्षिका,आर.के.कठाने सचिव केन्द्रीय शिक्षक, राजकपुर कामडे कार्या.सचिव एवं केन्द्रीय शिक्षक म.प्र. बालाघाट थे। प्रथम सत्र में बालाघाट एवं संपूर्ण जिले से उपस्थित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के साथ सामुहिक पूजा वंदना के पश्चात सभी अतिथियों ने संगठन, उद्देश्य एवं धम्म कार्य हेतु पदाधिकारी कैसा हो आदि पर मार्गदर्शन किया।

# किराना दुकान से लाखों का माल और नगदी पार

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत यादव कॉलोनी में शातिर चोरों ने एक किराना दुकान को निशाना बनाते हुए करीब दो से तीन लाख रुपये के कीमती सामान और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद से व्यापारियों में भारी आक्रोश है। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत तो ली लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दमोहनाका निवासी कमल केशरवानी की यादव कॉलोनी गली नंबर 3, हनुमान मंदिर के पास में किराना दुकान है।

रोज की तरह कमल केशरवानी बीती रात भी दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने पूरी प्लानिंग के साथ धाबा बोला। चोरों ने दुकान के पीछे खाली पड़े प्लॉट में सीढ़ी लगाई और छत पर चढ़ गए। वहां लगे लकड़ी के दरवाजे को तोड़कर वे दुकान के अंदर दाखिल हुए। चोरों ने दुकान खंगालते हुए नगद 29,000 रुपये, दुकान में रखे काजू, किशमिश, बादाम, चावल के कट्टे अन्य सामान समेटे। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर बोरियों के साथ पीछे खाली प्लॉट की 20 फीट ऊंची दीवार को लांघकर रफूचक्कर हो गए। सोमवार को जब दुकान संचालक पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही लार्डगंज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले। शिकाय भी ले ली लेकिन आरोप है कि अब तक मामले की एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। दुकानदार के मुताबिक चोर करीब दो से तीन लाख रुपया किराना सामान चुराकर ले गए है।

प्रदर्शन | जल संसाधन विभाग एवं पुलिस बल मौके पर रहा मौजूद

# कांग्रेस का शक्ति प्रर्दशन, कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र

**बच्चों की मौत की जिम्मेदार भाजपा सरकार, तय नहीं कर पा रहीं जिम्मेदारी : जीतू पटवारी**



**नवभारत, बालाघाट ।** बालाघाट जिले में बैगा आदिवासी बच्चें, चावंल घोटाला, डमलमनी काण्ड और किरनापुर थाना में महिला के साथ दुर्व्यवहार को लेकर 15 सितम्बर को बालाघाट के आम्बेटकर चौक में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, आखिल भारतीय आदिवासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं इस दौरान ओमकार सिंह मरकाम, नारायण सिंह पट्टा विधायक, रजनीस सिंह, जिलाध्यक्ष संजय उइके, मधु भगत, विवेक विक्की पटले, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत सहित अन्य ने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधते रहें और 32 बच्चों की मौत की जिम्मेदारी तय करने की मांग रखीं गई।

जानकारी अनुसार, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी गोंदिया से रजेगांव पहुंचे और फिर बालाघाट के आदिवासी अंचल में बच्चों की मौत को लेकर प्रदेश सरकार पर विरोध प्रर्दशन के लिए बालाघाट पहुंचे और सभा को सबोंधित किया गया। जिसके पश्चात आंबेडर चौक से शक्ति प्रर्दशन रैली निकाली गई और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान जीतू पटवारी ने कह कि बहुत भयावहता हमारी सरकार की पहचान हैं, बच्चों की हत्या में देश-दुनिया में नम्बर वन बन गई है। बालाघाट में एक साल से 10 साल तक के बच्चें शासन व प्रशासन के भष्टाचार एवं लापरवाही की वजह से तड़प-तड़प कर मर गए हैं। इस दौरान उन्होने कहा कि ये कभी राशन के चांवल, धान 3100 का वादा, बहनों के 3000 देने का वादा, सोयाबिन का छ हजार का वादा भी खा गए और भाषण इनके लम्बे-लम्बे हैं हर जगह सिर्फ चोरी हैं। लेकिन अब वक्त का पहिया बदल गया हैं, भाजपा और मोदी की कलाई खुल चुकी है और राहुल गांधी जो सवाल उठाते हैं वह जनता के दिलों में बैठ चुके है। बालाघाट में बैगा बच्चों की मौत हुई वह घटना, दुर्घटना या कोई लापरवाही नहीं हैं बल्कि सुनियोजित अपराध है जो अपराध सरकार के नुमांदों ने किया है। सरकार के भष्टाचार का कैंसर भाजपा के लोगों ने जड़-जड़ तक फेला दिया हैं, उसी के कारण यहां बैगा बच्चों की मौत हुई हैं आदिवासियों में कुपोषण भी इसी का परिणाम हैं। यहा व्याप्त गरिबी, बेरोजगारी और बिमारी इनको अगर एक साथ ले तो इन तिनों के लिए सरकार अपराधी हैं।

# घर में लगी भीषण आग, आशियाना जलकर खाक, लाखों का नुकसान



**धुएं में दम घुटने से दो मासूम बच्चियां बेहोश, तुमसर से भंडारा रेफर**

**नवभारत, कटंगी।** तिरोड़ी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम महकेपार में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। ग्राम के नारायण कोठेकार के घर में सुबह लगभग 7 बजे अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते भीषण रूप धारण कर लिया और पूरा मकान उसकी चपेट में आ गया। घर में रखी गृहस्थी का सारा सामान, अनाज, कपड़े, बर्तन सहित सब कुछ जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार पीड़ित परिवार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

हादसे के वक्त घर के अंदर राखीचंद कोठेकार की दो बच्चियां सो रही थीं। आग से उठे घने धुएं के कारण दोनों बच्चियां बेहोश हो गईं और उन्हें सांस लेने में भारी कठिनाई होने लगी। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को तुमसर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए भंडारा रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि अब दोनों बच्चियों की हालत ठीक है। घटना की सूचना पर ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक सब कुछ खाक हो चुका था। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै स्वाती बिसेन पिता अशोक बिसेन बोड़ुन्दा कला तहसील किरनापुर, जिला बालाघाट यह घोषणा करती हूँ कि मेरा विवाह उपरांत आधार कार्ड मे नाम स्वाती पटले पति राहुल पटले ग्राम सिवनघाट तहसील खैरलांजी जिला बालाघाट हो चुका है। भविष्य मे मुझे इसी नये नाम श्रीमती स्वाती पटले पति राहुल पटले के नाम से जाना जाये।

**स्वाती पटले**